**टेलीफोन उपभोक्ताओं के आवेदन पत्रों पर कार्यवाही किये जाने में विलम्ब**

6369. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली टेलीफोन द्वारा उपभोक्ताओं के आवेदन पत्रों पर तत्काल विचार नहीं किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) टेलीफोन स्थानांतरित किये जाने/एस०टी०डी० सुविधा प्रदान किए जाने अथवा समाप्त किये जाने के संबंध में महीने-वार और महाप्रबंधक-वार कुल कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं;

(घ) कितने आवेदन पत्रों पर उनके प्राप्त होने के पंद्रह दिन के भीतर कार्यवाही की गई है; और

(ड़) इस कार्य के लिए कितने अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया और इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम):** (क) से (ड़) सूचना एकत्रित की जा रही है जिसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

**संसद-सदस्यों द्वारा लिखे गए पत्र**

6370. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि संसद-सदस्यों द्वारा संचार मंत्रालय तथा उसके अधीनस्थ कार्यालयों को लिखे गए पत्रों का अंतिम उत्तर नहीं दिया जाता है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) 1 जुलाई, 1992 से 30 मार्च, 1994 तक कितने संसद-सदस्यों के पत्र प्राप्त हुए हैं तथा कितने पत्रों का अब तक अंतिम उत्तर नहीं दिया गया है; और

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में जिम्मेदारी निश्चित की है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम):** (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी।

**Delay in Finalising Tenders**

6371. SHRI S. MADHAVAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what are the details of steps taken to reduce the delay in finalising tenders of department of telecommunications; and

(b) what are the reasons for the delay in finalising tenders in which indigenous producers participate?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Tender procedure has been streamlined. The steps taken are as under:

(i) A checklist has been prepared to reduce procedural delays.

(ii) The time schedule has been fixed for each activity involved in tendering. Delays are monitored and steps taken to reduce them.

(b) Normally the cases are settled within time frame fixed.

**फैक्स (एफ०ए०एक्स०) सुविधा**

6372. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में सभी जिला मुख्यालय में फैक्स की सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) गुजरात में ऐसे जिला मुख्यालयों की संख्या कितनी है जहां यह सुविधा प्रदान की जाएगी; और

(घ) राज्य में ऐसे जिला मुख्यालयों की संख्या कितनी है और जहां 31 मार्च, 1994 तक यह सुविधा उपलब्ध है?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम):** (क) जी, हां। सरकार की देश के सभी जिला मुख्यालयों में फैक्स सुविधा प्रदान करने की योजना है।

(ख) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है। **(नीचे देखिये)**